कार्यालय प्रधानाचार्य, सरोजिनी नायडू चिकित्सा महाविद्यालय, आगरा।

पत्रांकः छात्र/सीनि0रेजी0/2023/208 दिनांकः 10/6/, 2023

सेवायोजन विज्ञप्ति

एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा में एम0सी0आई0/एन0एम0सी0 मानकों को पूर्ण करने एवं रोगियों के समुचित उपचार के दृष्टिगत निम्नलिखित विभागों में रिक्त सीनियर रेजीडेन्ट के पदों पर वेतनमान रूपये 67700.00 में वाक–इन–इन्टरव्यू (Walk-in-Interview) के आधार पर दिनांक 31.08.2023 तक अथवा इससे पूर्व शासन/महानिदेशालय से दो वर्षीय अनिवार्य शासकीय सेवा बाण्ड के अन्तर्गत चयनित सीनियर रेजीडेन्ट के कार्यभार ग्रहण करने तक जो भी पहले घटित हो तक के लिए नियुक्तियॉ की जानी है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन पत्र के साथ अपने समस्त मूल शैक्षिणिक प्रमाण पत्रों एवं अन्य सम्बन्धित प्रमाण पत्रों तथा उनकी एक–एक स्व–प्रमाणित छायाप्रतियों सहित साक्षात्कार हेतु **दिनांकः14.06.2023** को प्रधानाचार्य, एस0एन0 मेडिकल कॉलेज, आगरा के कार्यालय में **प्रातः 11.00 बजे** उपस्थित हों। पदों का विवरण नीचे तालिका में दर्शाया जा रहा है।

पदों का विवरण

क0 स0	विभाग का नाम	अनु0 जाति	अनु0 जनजाति	अ0पि0व0	ई.डब्ल्यू.एस.	सामान्य	कुल योग
1.	ऑर्थोपीडिक्स	01					01
2.	इमरजेन्सी मेडिसिन	02	-	02	01	04	09
3.	एनाटॉमी	-	-	01	-	01	02
4.	एनेस्थीसिया	01	-	02	01	01	05
5.	जनरल मेडिसिन	-	-	-	-	01	01
6.	ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन	01	-	-	-	01	02
7.	डेन्टेस्ट्री	-	-	-	-	01	01
8.	पीडियाट्रिक्स	01	-	01	01	-	03
9.	पेथोलॉजी	-	-	01	-	-	01
10.	फोरेंसिक मेडिसिन	-	01	-	-	01	02
11.	बायोकेमिस्ट्री	01	-	-	-	01	02
12.	माइक्रोबायोलोजी	01	-	-	-	-	01
13.	रेडियो–डायग्नोसिस	-	-	01	-	01	02
14.	रेडियो थेरेपी	-	-	01	-	-	01
	कुल योग	**08**	**01**	**09**	**03**	**12**	**33**

चयन सम्बन्धित विशिष्टता में एम0डी0/एम0एस0/डी0एन0बी0 परीक्षा इमीडिएट उत्तीर्ण बैच–2022 से किया जायेगा। यदि इस बैच से उत्तीर्ण किसी भी श्रेणी में अभ्यर्थी उपलब्ध नही होते हैं, तो क्रमशः इससे पूर्व के बैच से चयन किया जायेगा, लेकिन जो अभ्यर्थी सीनियर रेजीडेन्ट के पद पर एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर चुके होंगे, उन पर विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थियों का चयन उनके द्वारा नीट पी0जी0 प्रवेश परीक्षा में प्राप्त ऑल इण्डिया रैंक के आधार पर किया जायेगा। अभ्यर्थियों का एम0डी0/एम0एस0/डी0एन0बी0 विशिष्टता का एम0सी0आई0/एन0एम0सी0/स्टेट मेडिकल काउंसिल में स्थाई पंजीकरण होना अनिवार्य है।

अभ्यर्थियों के चयन में आरक्षण उत्तर प्रदेश शासन कार्मिक अनुभाग–2 संख्याः 5/2019/4/1/2002/का–2/2019टी.सी.1 दिनांक 13 अगस्त, 2019 के अनुसार लागू है। दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थियों को क्षैतिज आरक्षण उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार देय है। जिन अभ्यर्थियों ने एम0डी0/एम0एस0/डी0एन0बी0 परीक्षा प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण की होगी, उन्हें वरीयता दी जायेगी। निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारूप अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के छात्र अनुभाग से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है अथवा कालेज की बेबसाइट www.snmcagra.ac.in से डाउन–लोड किया जा सकता है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र साक्षात्कार के समय साथ लायें। पदों की संख्या घट–बढ सकती है।

आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाणपत्रों की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियॉ संलग्न करना अनिवार्य है एवं साक्षात्कार के समय मूल रूप में लाना अनिवार्य है।

1. हाईस्कूल प्रमाणपत्र, 2. एम0बी0बी0एस0 अंकतालिकाएं, 3. इन्टर्नशिप कम्पलीशन सर्टिफिकेट 4. एम0बी0बी0एस0 तथा एम0डी0/एम0एस0/डी0एन0बी0 उत्तीर्ण परीक्षा का परमानेन्ट मेडिकल रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, 5. एम0बी0बी0एस0 डिग्री, 6. एम0डी0/एम0एस0/डी0एन0बी0 उत्तीर्ण परीक्षा प्रमाणपत्र व अटैम्पट सर्टिफिकेट, 7. एम0डी0/एम0एस0/डी0एन0बी0 उत्तीर्ण परीक्षा की डिग्री व अंकतालिका, 8. नीट पी0जी0 रैंक लैटर, 9. आरक्षित श्रेणी का वैध प्रमाणपत्र (ओ0बी0सी0 श्रेणी के अभ्यर्थियों का प्रमाणपत्र 01 अप्रैल, 2022 के उपरान्त का होना अनिवार्य है। ।

प्रधानाचार्य,
एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।